दिनांक :24.05.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

मोदी जी–नीति आयोग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। बैठक में मध्यप्रदेष के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित अन्य सदस्य भाग ले रहे हैं। बैठक में केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और सीईओ भी मौजूद हैं।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चौनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

मानसून आगमन

दक्षिण–पश्चिम मॉनसून निर्धारित तारीख से 8 दिन पहले आज केरल पहुंच गया है। आमतौर पर केरल में मॉनसून सामान्य रूप से जून में पहुंचता है। पिछले 16 वर्षों में पहली बार एसा हुआ है जबकि तय समय से इतने पहले मानसून ने दस्तक दी है। मौसम विभाग ने कहा है कि इससे पहले केरल में साल 2009 में मॉनसून समय से पहले आया था। इस बीच, मध्यप्रदेष, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, पूर्वी उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और गुजरात में अलग–अलग स्थानों पर गरज के साथ छींटे पड़ने तथा तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना है।

यूपीएससी

भोपाल में कल रविवार को यूपीएससी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए शहर में 50 केंद्र बनाए गए हैं, शहर के सभी परीक्षा केंद्रों पर दो सत्रों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। भोपाल में होने वाली यूपीएससी परीक्षा में सभी केंद्रों पर 15 हजार 944 उम्मीदवार सम्मिलित होंगे। कल होने वाली परीक्षा की तैयारी के लिए भोपाल संभाग आयुक्त ने अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया है।

समाचार संक्षेप में...

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 26 मई को नरसिंहपुर जिले में कृषि उद्योग समागम का शुभारंभ करेंगे। किसानों की आय बढ़ाने तथा खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में यह डॉ. मोहन यादव सरकार की पहल है।

- राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पहुंचें। उन्होंने चिकित्सालय परिसर का भ्रमण करके उपस्थित रोगियों और उनके परिजनों से चर्चा की।

- हाई–हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वितीय परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि 25 और 31 मई तय की गई है।

- नर्मदापुरम में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सिवनी मालवा विकासखंड के सीएमसीएलडीपी विद्यार्थियों, ग्राम के युवा और बुजुर्गों ने रैली निकाली।

नमस्कार